Australian Government
Department of Home Affairs

# ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करना

ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने के लिए नीचे दिए गए कदमों का पालन करें।

## कदम 1 - अपनी वीज़ा आवश्यकताओं की जाँच करें

वीज़ा के बिना ऑस्ट्रेलिया के लिए यात्रा करने की कोशिश न करें। आप वीज़ा के विकल्पों का पता लगाने के लिए हमारे वीज़ा खोजक का उपयोग कर सकते/सकती हैं।

आपको ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने के उद्देश्य से यात्रा अपवाद के लिए आवेदन करने, और अपवाद जारी किए जाने की आवश्यकता **भी** हो सकती है (नीचे कदम 3 देखें)।

## कदम 2 - अपनी टीकाकरण आवश्यकताओं की जाँच करें

आपके टीकाकरण की स्थिति यह निर्धारित करेगी कि ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश के लिए आपको क्या करने की आवश्यकता है।

अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीकाकरण आवश्यकताएं पूरी नहीं कर पाने की स्थिति में आपको अन्य बातों पर विचार करने की आवश्यकता होगी। नीचे दिए गए कदमों का पालन करें।

यदि आपको चिकित्सीय कारणों की वजह से टीका नहीं लगाया जा सकता है, तो आप टीकाकृत यात्रियों के लिए नियत की गई व्यवस्थाओं तक पहुँच प्राप्त कर सकते/सकती हैं। आपको स्वीकार्य चिकित्सीय प्रमाण प्रदान करने में सक्षम होना चाहिए। देखें: टीकाकरण और परीक्षण।

**ऑस्ट्रेलिया में आने वाले वीज़ा धारकों का वीज़ा रद्द किया जा सकता है और उन्हें हिरासत में लिया जा सकता है और देश से निकाला जा सकता है, यदि:**

- **वे ऑस्ट्रेलिया की सीमा प्रवेश आवश्यकताओं के अनुसार अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रयोजनों के लिए पूरी तरह से टीकाकृत नहीं हैं; या**
- **उन्हें ऑस्ट्रेलिया सरकार की परिभाषानुसार कोविड-19 टीकाकरण के लिए चिकित्सीय अपवाद प्राप्त नहीं है; या**
- **वे *अपवाद-प्राप्त वर्ग में नहीं* आते हैं अथवा उनके पास व्यक्तिगत यात्रा अपवाद नहीं है।**

## कदम 3 - यात्रा अपवाद के लिए आवेदन करें

यदि आप ऑस्ट्रेलिया की टीकाकरण आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते/करती हैं, तो आपको ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने के लिए यात्रा अपवाद का आवेदन करने की आवश्यकता **भी** हो सकती है।

आवेदन कैसे करें, इसके बारे में और अधिक जानकारी के लिए ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने के लिए अपवाद प्रक्रिया देखें।

## कदम 4 - राज्य और राज्य-क्षेत्र की आगमन आवश्यकताओं की जाँच करें

अपनी उड़ान बुक करने से पहले राज्य और राज्य-क्षेत्र की आगमन आवश्यकताओं की जाँच करें। इसमें सीमा प्रवेश रजिस्ट्रेशन फॉर्म या संगरोध शामिल हो सकता है।

उन सभी राज्यों और राज्य-क्षेत्रों की आवश्यकताओं की जांच करें, जहाँ से होकर आप पारगमन करेंगे/करेंगी और जहाँ की आप यात्रा करेंगे/करेंगी। बहुत कम समय-सूचना पर आवश्यकताएं बदल सकती हैं। **आपको संगरोध में प्रवेश करने की आवश्यकता हो सकती है**।

आपके लिए जो यात्रा प्रतिबंध और आवश्यकताएँ लागू होती हैं, उनका पालन करने के लिए आप स्वयं जिम्मेदार हैं। यदि आप अनुपालन नहीं करते/करती हैं, तो आपके ऊपर कारावास में समय बिताने और बड़े जुर्मानों सहित गंभीर दंड लगाए जा सकते हैं। देखें: राज्य और राज्य-क्षेत्र की आगमन आवश्यकताएँ।

## कदम 5 – पहले से योजना बनाएँ

आपको इस बात पर विचार करना चाहिए कि यदि आपकी यात्रा में देरी और व्यवधान होता है, तो आप क्या करेंगे/करेंगी।

आपके लिए एयरलाइंस की कुछ विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करना भी ज़रूरी हो सकता है। **गैर-टीकाकृत यात्री आगंतुक यात्रियों की संख्या-सीमा के अधीन आते हैं तथा उन्हें राज्यों और राज्य-क्षेत्रों की आगमन आवश्यकताओं को पूरा करना होगा**।

यदि प्रासंगिक हो, तो इस बात की जांच करें कि ऑस्टेलिया से प्रस्थान के लिए आपको क्या करने की आवश्यकता होगी।

## कदम 6 - अपनी यात्रा बुक करें

## कदम 7 - अपनी डिजिटल यात्री घोषणा पूरी करें

आप अपनी उड़ान से सात दिन पहले अपनी डिजिटल यात्री घोषणा (डीपीडी) शुरू कर सकते/सकती हैं और ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रस्थान करने से पहले 72 घंटों के अंदर इसे जमा कर सकते/सकती हैं।

डीपीडी में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जानकारी का निवेदन किया जाता है। इस जानकारी को प्रदान करना एक प्रवर्तनीय आवश्यकता है। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि आपको हवाईअड्डे पर या ऑस्ट्रेलिया पहुंचने पर अनावश्यक देरी का अनुभव नहीं होता है। और अधिक जानकारी के लिए देखें: डीपीडी।

## कदम 8 - प्रस्थान-पूर्व COVID-19 जांच कराएँ

आपको एयरलाइन कर्मचारियों को हाल ही में किए गए कोविड-19 परीक्षण के नकारात्मक परिणाम का प्रमाण दिखाने की आवश्यकता होगी।

आपको किस परीक्षण की आवश्यकता है और परीक्षण कब कराना है, इसके बारे में और अधिक जानकारी के लिए टीकाकरण और परीक्षण देखें।

## कदम 9 - हवाईअड्डे के लिए अपने दस्तावेज तैयार करें

जब आप अपनी उड़ान के लिए चेक-इन करते/करती हैं, तो एयरलाइन कर्मी आपको ये दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहेंगे:

- पासपोर्ट
- वीज़ा
- यदि आवश्यक हो, तो यात्रा अपवाद स्वीकृति
- कोविड-19 परीक्षण का नकारात्मक परिणाम
- पूरा किया गया डीपीडी।

## कदम 10 - ऑस्ट्रेलिया की प्रवेश आवश्यकताओं को पूरा करें

इसमें आव्रजन, सीमा शुल्क और जैवसुरक्षा अनुमति शामिल है। और अधिक जानकारी के लिए सीमा पार करना देखें।

## कदम 11 - राज्य और राज्य-क्षेत्र की आगमन आवश्यकताएँ पूरी करें

अधिकांश राज्यों और राज्य-क्षेत्रों की यह आवश्यकता है कि ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के तुरंत बाद आपको कोविड-19 परीक्षण कराना होगा।

**गैर-टीकाकृत यात्री आगंतुक यात्रियों की संख्या-सीमा के अधीन आते हैं तथा उन्हें राज्यों और राज्य-क्षेत्रों की आगमन आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। आपको संगरोध में प्रवेश करने की आवश्यकता हो सकती है।** आपको इसकी, तथा उन सभी राज्यों और राज्य-क्षेत्रों की किसी भी अन्य आवश्यकता की जांच करनी चाहिए, जहाँ से होकर आप पारगमन करेंगे/करेंगी और जहाँ की आप यात्रा करेंगे/करेंगी।

# ऑस्ट्रेलिया से होकर पारगमन करना

## 72 घंटे या इससे कम अवधि का पारगमन

यदि आप ऑस्ट्रेलिया से होकर पारगमन कर रहे/रही हैं, तो आपके लिए अपने आरंभिक प्रवेश के 72 घंटों के अंदर ऑस्ट्रेलिया से प्रस्थान करने वाली उड़ान पर आगे का टिकट प्राप्त करने में सक्षम होना **अनिवार्य** है। यदि कोई उपयुक्त कनेक्टिंग उड़ान उपलब्ध नहीं है, तो ऑस्ट्रेलिया से होकर पारगमन करना संभव **नहीं होगा**।

यदि आप 72 घंटे या इससे कम अवधि के लिए पारगमन कर रहे/रही हैं, तो आपको यात्रा अपवाद के लिए आवेदन करने की आवश्यकता **नहीं** है।

### वीज़ा आवश्यकताएँ

ऑस्ट्रेलिया से होकर पारगमन करने के लिए आपके पास एक वैध वीज़ा होना चाहिए या आपको वीज़ारहित पारगमन (टीडब्ल्यूओवी) [Transit Without a Visa (TWOV)] के लिए पात्र किसी देश से होना चाहिए।

यदि आपके पास एक वैध वीज़ा नहीं है या आप टीडब्ल्यूओवी (TWOV) के लिए पात्र नहीं हैं, तो आपको ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने के लिए वीज़ा का आवेदन करना होगा। अधिकतम 72 घंटों के अंदर ऑस्ट्रेलिया से होकर पारगमन करने के लिए पारगमन वीज़ा (उपवर्ग 771) [Transit visa (subclass 771)] का आवेदन करें।

## COVID-19 जांच

ऑस्ट्रेलिया से होकर पारगमन करने के लिए आपके पास कोविड-19 परीक्षण का नकारात्मक परिणाम होने की आवश्यकता है। और अधिक जानकारी के लिए टीकाकरण और परीक्षण देखें।

## डिजिटल यात्री घोषणा

आप अपनी उड़ान से सात दिन पहले अपनी डिजिटल यात्री घोषणा (डीपीडी) शुरू कर सकते/सकती हैं और ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रस्थान करने से पहले 72 घंटों के अंदर इसे जमा कर सकते/सकती हैं।

डीपीडी में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जानकारी का निवेदन किया जाता है। इस जानकारी को प्रदान करना एक प्रवर्तनीय आवश्यकता है। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि आपको हवाईअड्डे पर या ऑस्ट्रेलिया पहुंचने पर अनावश्यक देरी का अनुभव नहीं होता है। और अधिक जानकारी के लिए देखें: डीपीडी।

## राज्य और राज्य-क्षेत्र की आवश्यकताएँ

आप जिस राज्य या राज्य-क्षेत्र में प्रवेश करते/करती हैं, आपके लिए उस राज्य या राज्य-क्षेत्र की पारगमन आवश्यकताओं का पालन करना अनिवार्य होगा। **गैर-टीकाकृत यात्री आगंतुक यात्रियों की संख्या-सीमा के अधीन आते हैं तथा उन्हें राज्यों और राज्य-क्षेत्रों की आगमन आवश्यकताओं को पूरा करना होगा।**

अपनी आगे की उड़ान की प्रतीक्षा करते समय आपको होटल में निवास करने की आवश्यकता हो सकती है और आपसे अपने निवास का भुगतान स्वयं करने के लिए कहा जा सकता है। और अधिक जानकारी के लिए राज्य और राज्य-क्षेत्र में आगमन की आवश्यकताएँ देखें।

## 72 घंटों से अधिक

यदि आप अपनी कनेक्टिंग उड़ान से पहले ऑस्ट्रेलिया में 72 घंटे से अधिक समय बिताएंगे/बिताएंगी, तो आपको ऑस्ट्रेलिया से होकर परगमन करते हुए **नहीं माना जाएगा**।

आपको ऑस्ट्रेलिया की अन्य सभी प्रवेश आवश्यकताओं को पूरा करना होगा, जिसमें कोविड-19 टीकाकरण और परीक्षण आवश्यकताएँ, वीज़ा, आव्रजन, सीमाशुल्क जैवसुरक्षा अनुमति और अनिवार्य स्वास्थ्य घोषणाएँ शामिल हैं। और अधिक जानकारी के लिए सीमा पार करना देखें।

आपके लिए राज्य और राज्य-क्षेत्र की आगमन आवश्यकताएँ पूरा करना भी अनिवार्य होगा।